तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि
रायपुर, बुधवार, 30 अप्रैल 2025

14 तेंदूपत्ता की सरकारी खरीदी पर फड़ मुंशियों ने...



14 मुसुरपुट्टा में कर्मा विद्या मंदिर का परीक्षा ...





## खबर संक्षेप



### सुशासन तिहार के तहत दिव्यांग को मिली ट्राइसिकल

**कांकेर।** नगर पंचायत अंतागढ़ मरारपारा निवासी 80 प्रतिशत दिव्यांग दुर्जन निषाद को कलेक्टोरेट परिसर में कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा बैटरी चलित ट्राइसिकल प्रदाय किया गया। दिव्यांग ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और जिला प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक क्षमा शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि दुर्जन ने सुशासन तिहार के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत किया था। इसी दौरान 29 अप्रैल को कलेक्टर द्वारा ट्राइसिकल दिया गया।

### भाजपाइयों ने रेलवे स्टेशन का किया औचक निरीक्षण



**भानुप्रतापपुर।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा रेलवे स्टेशन निरीक्षण किया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे ने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव के दिशा निर्देश के अनुपालन में 29 अप्रैल को भानुप्रतापपुर रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। स्टेशन मास्टर कमल नारायण साहू ने अध्यक्ष का पुष्पमाला से तिलक वंदन कर स्वागत किया। मंडल अध्यक्ष ने स्टेशन में यात्रियों के सुविधाओं को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। बस स्टैंड से रेलवे स्टेशन तक पहुंच मार्ग बनाने के लिए प्रस्ताव रखते हुए कलेक्टर के नाम आवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर रत्नेश सिंह, अरविंद जैन, संकेत नशीने, योगेश सोनवानी, ललित गांधी, धर्मेंद्र रावटे, दीपांकर मजूमदार एवं मनोज रावत उपस्थित रहे।

# नैनी नदी में रेत के अवैध उत्खनन पर लगा ब्रेक, सरपंच ने सख्ती से बंद कराया रास्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चाराम

विकासखण्ड चारामा अंतर्गत ग्राम कंडेल में अवैध रेत उत्खनन से परेशान ग्रामीणों ने अब खुद मोर्चा संभाल लिया है। नैनी नदी से लगातार बिना अनुमति रेत निकाले जाने से गांव वाले चिंतित थे, क्योंकि हर दिन ट्रैक्टर और हाइवा जैसे भारी वाहन गांव से होकर गुजरते थे, जिससे ग्रामीणों को परेशानी के साथ-साथ दुर्घटनाओं का भी डर बना हुआ था।

कंडेल के सरपंच जय प्रकाश गावड़े, उपसरपंच महेश साहू और ग्राम के अन्य वरिष्ठ नागरिकों ने मिलकर नैनी नदी में रेत निकालने के लिए बनाए गए रास्ते को पूरी तरह से बंद करवा दिया। इस रास्ते को गड्ढा खोदकर अवरुद्ध किया गया, ताकि कोई वाहन नदी तक न पहुंच सके। सरपंच ने जानकारी देते हुए बताया कि नैनी नदी से रेत उत्खनन पूरी तरह अवैध ढंग से किया जा रहा था, न तो इन लोगों के पास रॉयल्टी थी, न ही खनिज विभाग की अनुमति थी।

ग्रामीणों ने रेत का उत्खनन और परिवहन करने वालों को समझाईश दिया, परंतु समझाईश का असर नहीं पड़ने पर रेत माफियाओं को चेतावनी दिया, लेकिन रेत तस्कर हरकतों से बाज नहीं आएं। पंचायत प्रतिनिधियों ने ग्रामीणों के साथ बैठक करके निर्णय लिया कि अवैध रेत उत्खनन और परिवहन को बंद करवाना जरूरी है। ग्रामीणों के साथ बैठक करके निर्णय लिया गया कि अवैध परिवहन को रोकना जरूरी है।

## ग्रामीणों ने ली राहत की सांस, दुर्घटनाओं का डर हुआ खत्म



### रास्ता को रोका गया अवैध परिवहन बंद

सरपंच ने बताया कि ग्रामीणों के साथ हुई बैठक में निर्णय लिया गया था कि अवैध रेत परिवहन पर लोक लगाना है, इसी के तहत नैनी नदी से रेत ले जाने वाले मार्ग को बंद कर दिया गया है। इसके बाद भी कोई रेत निकालने का प्रयास करेगा, तो उसके खिलाफ अपराध दर्ज करवाया जाएगा।

## विरोध : कथित किसान नेता के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज करने सौंपा गया ज्ञापन

# भारत विरोधी बयान देने वाले कथित किसान नेता का भाजपाइयों ने किया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों की हत्या होने वाले मामले पर कथित किसान नेता नरेश टिकैत के द्वारा भारत विरोधी बयान देने के चलते भाजपाईयों ने पुराना बस स्टैंड में कथित नेता का पुतला दहन करते हुए ऐसे किसान नेताओं के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की माँग किया है।

- किसान नेता के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग

भाजपा नेताओं ने कहा कि कश्मीर के पहलगाम में 27 निर्दोष पर्यटकों की हत्या पाकिस्तान के प्रायोजित आतंकवादियों ने गत दिवस कर दिया था, जिसकी भारत सहित पूरे विश्व में कड़ी आलोचना हुई। पाकिस्तान आतंकवादियों द्वारा 27 पर्यटकों की हत्या के विरोध में भारत सरकार द्वारा कुछ कड़े फैसले पाकिस्तान के विरूद्ध लिए गए, जिसमें सिंधु जल समझौता तोड़ कर सिंधु नदी का पानी पाकिस्तान में जाने से रोकने जैसा कड़ा कदम भी शामिल है। देश का यह दुर्भाग्य है कि कथित किसान नेता नरेश टिकैत सिंधु जल समझौता तोड़ने पर भारत सरकार की आलोचना करते हुए कह रहा है कि भारत और पाकिस्तान के किसान एक है, इसलिए सिंधु जल समझौता रदद नही चाहिए । अपने आप को किसान नेता कहने वाले नरेश टिकैत ने यह बयान देकर न केवल देश की 140 करोड़ जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया है, बल्कि देश की रोटी खाकर, देश विरोधी कृत्य किया है। ऐसे देश विरोधी व्यक्ति पर राष्ट्रद्रोह का मुकदमा दर्ज करने की मांग सरकार से किया। भाजपा नेताओं का कहना है कि ऐसे तथाकथित किसान नेताओं के परिवार का सदस्य आतंकवादी का शिकार हुआ होता, ▶▶| शेष पेज 12 पर



### देशद्रोह का मामला दर्ज करने किया माँग

पुतला दहन करने के उपरांत भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारियों और सदस्यों ने किसानों के तथाकथित नेता के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा दायर कर उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की मांग का ज्ञापन अपर कलेक्टर को सौंपा है।

### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन, भाजपा किसान मोर्चा की प्रदेश मंत्री व जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी, पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया, जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल,भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष विजय मण्डावी, नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक, टेकेश्वर जैन, विरेन्द्र श्रीवास्तव, राजीव लोचन सिंह, चन्द्रप्रकाश ठाकुर, राजा देवनानी, निपेन्द्र पटेल, रवि तिवारी, दीपक खटवानी, श्यामल मण्डल, दीपांकर राय, दिनेश रजक, कमलेश उसेंडी, प्रकाश निषाद, अरविंद जैन, अंशु शुक्ला, हितेंद्र खटवानी, जयंत अटभैया, गिरधर यादव, वीरू साहू, देवेंद्र साहू, हर्षल गजबिये, जयप्रकाश गेडाम, कुणाल नायर, शिवम जायसवाल, विवेक गुप्ता, घनेन्द्र ठाकुर, सुरेश जैन आदि उपस्थित रहे।

# प्राथमिक व माध्यमिक परीक्षा में 5 वीं का 99 तथा कक्षा 8 वीं का परिणाम 97.33 प्रतिशत रहा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

छत्तीसगढ स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इस वर्ष शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 5वीं एवं 8 वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए पूरे राज्य में बोर्ड परीक्षा के तर्ज पर केन्द्रीकृत परीक्षा आयोजित किया गया। राज्य के सभी जिले में परीक्षा के आयोजन हेतु महत्वपूर्ण निर्देश एवं उनका कड़ाई से कार्यान्वयन सुनिश्चित करते हुए परीक्षा परिणाम तैयार कराया गया, जिसके परिणामस्वरूप उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन अन्तर्विकासखण्ड रोस्टर बनाकर कराया गया तथा जिला स्तर पर केन्द्रीकृत परीक्षा परिणाम घोषित किया जा रहा है।

जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कांकेर जिले के सभी सातों विकासखण्डों में संचालित समस्त प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के विद्यार्थी केन्द्रीकृत परीक्षा में सम्मिलित हुए। जिले के समस्त प्राथमिक में पंजीकृत छात्र 11288 में से 11187 छात्र केन्द्रीकृत परीक्षा में सम्मिलित होकर 11178 उत्तीर्ण, 08 पुरक छात्र, 101 अनुपस्थित रहे। इस प्रकार कक्षा 5वी में जिला का परीक्षा परिणाम 99.03 प्रतिशत रहा।

इसी प्रकार जिले में संचालित समस्त पूर्व माध्यमिक शाला में अध्ययनरत कक्षा 08वी के कुल पंजीकृत छात्र 11659 में से 11353 छात्र केन्द्रीकृत परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें 11348 उत्तीर्ण, 05 पूरक, 306 छात्र अनुपस्थित थे। इस प्रकार कक्षा 08 वी में जिला का परीक्षा परिणाम 97.33 प्रतिशत रहा। उन्होंने बताया कि छग शासन स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा 2010 के बाद बोर्ड परीक्षा के तर्ज पर कक्षा 05वी एवं 08 वी के लिए केन्द्रीकृत परीक्षा का आयोजन कराया गया। समस्त जिलो में केन्द्रीकृत परीक्षा का आयोजन पूर्ण पारदर्शिता एवं गोपनीयता के साथ कराया गया। जिले के ▶▶| शेष पेज 12 पर

# पारिवारिक विवाद की वजह बनी बच्चों की लड़ाई देवर ने भाभी से की मारपीट, थाने पहुंचा मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



दो बच्चे आपस में खेल रहें थे, तभी एक बच्चे ने दूसरे बच्चे को काट दिया। बच्चे को काटने से मना किया तो उसने अपने पिता से शिकायत कर दिया। उसी बात को लेकर आरोपी देवर ने अपनी भाभी के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दिया। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है। भानुप्रतापपुर थाना में शिकायत करने पहुंची कोनगुड़ निवासी 27 वर्षीय मिलापा नाग पति कमलेश कुमार नाग ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी के साथ गृहणी का काम करती हूं। मै 24 अप्रैल को घर पर खाना खा रही थी। मेरे पति मक्का खेत तरफ काम करने गए थे। सुबह लगभग साढ़े 10 बजे मेरे बच्चे रामकृष्ण, जमुना नाग व मेरे देवर कमल सिंग नाग के बच्चा शिवा सभी घर आंगन में खेल रहे थे। खेलते खेलते रामकृष्ण नाग व शिवा ▶▶| शेष पेज 12 पर

- परिवार में बढ़ा तनाव, मामूली विवाद ने लिया हिंसक रूप

# राष्ट्रीय स्तर पर जनरेशन फॉर क्लाइमेट एक्शन ईको क्लब रतेसरा स्कूल का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा



ईको क्लब सेंटर ऑफ एनवायरमेंट एजुकेशन जनरेशन फॉर क्लाइमेट एक्शन कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय स्तर पर राज्य के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय रतेसरा का चयन हुआ है। यह घोषणा 22 अप्रैल पृथ्वी दिवस के अवसर पर किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल ने कहा कि यह हमारे जिला के लिए गर्व का विषय है कि चारामा विकासखंड के शासकीय पूर्व मावि रतेसरा के ईको क्लब प्रभारी शिक्षक धर्मेन्द्र साहू और उनके बच्चों ने ईको क्लब जनरेशन फॉर क्लाइमेट एक्शन कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों में शामिल हुआ और विभिन्न चैलेंज को पूर्ण कर राष्ट्रीय स्तर पर सफलता हासिल किया। राष्ट्रीय स्तर में सिर्फ 10 ही राज्यों के 10 उत्कृष्ट शालाओं को उनके प्रदर्शन के आधार पर चयन किया गया है। ईको क्लब प्रभारी ने बताया कि हमारा और हमारे ईको क्लब के बच्चों का सौभाग्य है कि सबकी मेहनत रंग लाया और आज हमारा चयन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ है। इस सफलता को हासिल करने के लिए विद्यालय एवं आसपास पर्यावरण संरक्षण, संवर्धन एवं वातावरण अनुकूलित क्रियाकलापों को कर रिपोर्ट तैयार किया ▶▶| शेष पेज 12 पर

## समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने अफसरों को दी हिदायत

# कलेक्टर ने सुनाया आवेदनों के जल्द निराकरण का फरमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर सुशासन तिहार एवं विभिन्न माध्यमों से प्राप्त आवेदनों का निराकरण शीघ्रता एवं पूर्ण गुणवत्ता के साथ करने का फरमान कलेक्टर निलेश कुमार क्षीरसागर ने दिया। उन्होंने सुशासन तिहार के तीसरे चरण में आयोजित किए जाने वाले समाधान शिविरों के आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां एवं व्यवस्थाएं पहले ही सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने आवेदनों पर अब तक की गई कार्यवाही की धीमी गति पर असंतोष जाहिर करते हुए जल्द से जल्द से निपटारा करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में 29 अप्रैल को सुबह साढ़े 10 बजे से आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने नियद नेल्लानार योजना के तहत चयनित नवीन ग्राम केसेकोड़ी और गुड़ाबेड़ा के ग्रामीणों को शासन की योजनाओं से जोड़ने के लिए विभागीय सर्वे करने और लाभान्वित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने आंगनबाड़ी भवन निर्माण, पीडीएस सेंटर निर्माण सहित विभिन्न सड़क मार्ग व पुल-पुलियों के निर्माण में तेजी लाने तथा बारिश के पहले पूर्ण करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत आवासों के निर्माण का काम प्रारंभ कर प्रत्येक सप्ताह विकासखण्डवार प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिए। साथ ही आवास प्लस के तहत सर्वेक्षण का कार्य 30 अप्रैल तक पूर्ण कर सभी छूटे हुए ग्रामीणों के नाम सूची में शामिल करने के निर्देश जनपद सीईओ को दिए। इसके तहत दुर्गूकोंदल एवं भानुप्रतापपुर जनपद पंचायत में सर्वे की धीमी गति पर नाराजगी जाहिर करते हुए कलेक्टर ने प्रत्येक पात्र परिवार को जोड़ने के निर्देश दिए।

आयोजित बैठक में कलेक्टर ने विशेष केन्द्र सहायता मद, जिला खनिज न्यास निधि, जिला निर्माण समिति के तहत स्वीकृत किन्तु लंबित कार्यों में तेजी लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके अतिरिक्त पीएमश्री स्कूल, पीएम किसान सम्मान निधि के अलावा विभिन्न विभागों को लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में डीएफओ हेमचन्द पहारे, डीपी साहू, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मण्डावी, अपर कलेक्टर जितेन्द्र कुर्रे सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तर के अधिकारी उपस्थित रहें।

शोक संदेश



स्व. श्रीमती पूर्णिमा चन्द्राकर

मृतक की आत्मा को शांति प्रदान करने हेतु आयोजित मृतक कर्मकाण्ड में आपकी सपरिवार उपस्थिति प्रार्थनीय है।

" माँ, आपकी यादें हमेशा हमारे साथ रहेंगी, और आपका प्यार हमें हमेशा प्रेरित करता रहेगा । "

कार्यक्रम

त्रिगात्र : दिनांक 23.04.2025, दिन बुधवार
दशगात्र : वैशाख सुदी 3, दिनांक : 30.04.2025, दिन बुधवार
शांति भोज - स्थान : 36 फोर्ट, बालोद रोड, कोलिहापुरी, दुर्ग समय : दोप. 12 बजे से
नोट:- दशगात्र पिण्ड - शिवनाथ नदी दुर्ग (महमरा घाट) में दोपहर 01:00 बजे तक सम्पन्न होगा।

शोकाकुल परिवार:
गुहा, गोविन्द, बल्ला, होरीलाल, नन्द, मनोज, सुरेन्द्र, पप्पू, गोप, रेवेन्द्र, गोलू, सोलू, शुभम, दोनर, सेमरा, छाती एवं समस्त लड़ेर चन्द्राकर परिवार।

विनीतः अशोक चन्द्राकर (पुत्र)
ललित चन्द्राकर (पुत्र)
(विधायक दुर्ग ग्रामीण एवं उपाध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) छ.ग. राज्य ग्रामीण एवं अपिव क्षे.वि.प्रा. छ.ग. शासन)
जय, नमन, नयन चन्द्राकर (प्रपौत्र)

निवासः गजानंद मंदिर के पास, आमापारा, दुर्ग
7879563887, 9827482953, 7000147174, 9827489009, 8770529476, 9479203828

नोट - जिस किसी सज्जन को शोक पत्र ना मिला हो वह इसे ही शोक पत्र समझे

## खबर संक्षेप

### ईश्वराम्मा दिवस सप्ताह आज से

**जगदलपुर।** भगवान श्री सत्य साई बाबा के माता के पुण्यतिथि उपलक्ष्य में श्री सत्य साई सेवा समिति के तत्वावधान में 30 अप्रैल से 6 मई तक श्रीईश्वराम्मा सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा, जिसके अंतर्गत प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्रतिदिन संध्या 6 बजे से संध्या 6.30 तक वेद पाठ, संध्या 6.30 से संध्या 7 बजे तक सामूहिक भजन, संध्या 7 बजे से संध्या 7.20 बजे तक श्री सत्य साई संदेश, संध्या 7.20 से संध्या 7.55 बजे तक विभिन्न बाल विकास केंद्र के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम (आध्यात्मिक नाटक, कहानी, नित्य, भक्ति भावपूर्ण भजन, गीत, सुवाक्य) की प्रस्तुति एवं पुरस्कार वितरण, संध्या 7.55 बजे से रात्रि 8 बजे तक महामंगल आरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। समिति के संयोजक मुकेश रायकवार ने बताया कि कार्यक्रम के साथ बच्चों की प्रतिभा को विकसित एवं प्रोत्साहित करने के लिए हेतु 2 मई को निबंध, 3 मई चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। पांच मई को बच्चों द्वारा मातृका पूजन, 6 मई को (ईश्वराम्मा दिवस) पर सुबह 5.30 को ऊंकाराम, सुप्रभातम के उपरांत साई मंदिर से नगर संकीर्तन निकाली जाएगी, जो शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए पुनः मंदिर में संपूर्ण होगा एवं सुबह 7 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। तत्पश्चात 11.30 से दोपहर 3 बजे तक महानारायण सेवा भंडारा का आयोजन किया जाएगा, संध्या का कार्यक्रम निर्धारित पूर्व दिनों के समय के अनुसार गतिशील रहेगा।

### मजदूर दिवस पर होगा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन

**बचेली।** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन (इंटक), शाखा बचेली द्वारा 1 मई को एनएमडीसी मंगल भवन में भव्य अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह सांस्कृतिक संध्या संध्या 7 बजे से शुरू होगी, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से पधारे कवि अपनी ओजपूर्ण, भावपूर्ण और रसविभोर काव्य रचनाओं से समारोह को गरिमा प्रदान करेंगे। कविता प्रेमियों के इस महोत्सव में प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) से वंदना शुक्ला, रीवा (मध्यप्रदेश) से अमित शुक्ला, दिल्ली से चेतन चर्चित, मुंगेली (छत्तीसगढ़) से देवेंद्र परिहार, कोरबा (छत्तीसगढ़) से हीरामणि वैष्णव तथा बचेली की अपनी सुप्रसिद्ध कवयित्री शकुन शेंडे ₹संघर्ष₹ मंच पर काव्य पाठ करेंगी। इस आयोजन का मूल उद्देश्य श्रमिकों के अथक परिश्रम और उनके सामाजिक योगदान के सम्मान में साहित्य और संस्कृति के माध्यम से जागरूकता लाना है। यूनियन द्वारा प्रस्तुत यह कवि सम्मेलन न केवल एक भावनात्मक और कलात्मक संध्या का रूप लेगा, बल्कि यह क्षेत्र में साहित्यिक वातावरण को भी समृद्ध करेगा।

# नंगे विद्युत तारों के बदले शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लगाया जा रहा केबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

नंगे विद्युत तार से जान-माल के लिए खतरा बने हुए हैं। इसलिए विद्युत कंपनी की ओर से आडीएसएस योजना में ग्रामीण एवं शहर में बिजली सप्लाय की व्यवस्था में प्रयास किया जा रहा है। साथ ही बस्तर संभाग के 3 जिलों में बिजली से दुर्घटनाओं, बिजली चोरी को रोकने और लाईन लास कम करने के लिए केबलिंग का कार्य किसा जा रहा है। इससे विद्युत लाईन में शार्ट सर्किट की वजह जान-माल का नुकसान नहीं होगा। अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर लगाया जा रहा है, कम जगह में ज्यादा किफायती सिस्टम स्थापित कर किए जा रहे हैं, इनके रखरखाव की जरूरत भी नहीं होती। इसी तरह केबल बिछने के बाद भी बरसों तक रखरखाव की जरूरत नहीं होगी और 5 वर्ष बाद बिजली सूरत बदलेगी। केबल लगने के बाद स्मार्ट मीटर लगाया जाएगा। स्मार्ट मीटर लगते ही कनेक्शन को प्रीपेड नहीं किया जाएगा, जो स्मार्ट मीटर लगेंगे, उनमें इस बात की व्यवस्था है कि उसको पोस्ट और प्रीपेड दोनों मोड़ में किया सकता है। हॉल ही में विद्युत कंपनी के ईडी एसके ठाकुर, एसई एनके पोयाम, प्रोजेक्ट के कार्यपालन अभियंता सलीम खान आदि की टीम ने सुकमा जिले के तोंगपाल विद्युत वितरण केन्द्र के विभिन्न गांवों में इस कार्य का निरीक्षण किया।

### केबल से विद्युत तार से जान-माल के लिए खतरा व चोरी रूकेगा



#### लाईन लास होगा कम

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने बताया कि विद्युत लाईन में केबल लगाने से बिजली चोरी रोकने एवं लाईन लास कम करने का प्रयास किया जा रहा है।

# बारिश व आंधी से एक पोल टूटा व 3 झुकने से बंद रही बिजली

### बिजली बहाल करने में डेढ़ घंटे जुटे रहे 20 कर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर में दोपहर को अचानक बारिश एवं आंधी के चलते विद्युत लाईन में पेड़ गिरने से एक पोल टूटा और 3 पोल झुक गए। इसके चलते शहर की बिजली बंद होने से उपभोक्ता परेशान रहे। तेज बारिश एवं आंधी बंद होने से लगभग 20 कर्मचारी सहायक, कनिष्ठ अभियंता के नेतृत्व में स्थल पर पहुंचे। कर्मी के लगभग डेढ़ घंटे तक सुधार होने के बाद बिजली बहाल होने से उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली। विद्युत कंपनी जगदलपुर संभाग (शहरीय) के कार्यपालन अभियंता एसके ध्रुव ने बताया कि सूचना मिलने





पर बारिश थमने के बाद सभी अलग-अलग क्षेत्र में भेजा गया। इस दौरान लाईन में पेड़ एवं डगाल गिरने से तीन स्थानों में तार टूट गए थे, जिसे सुधारा गया।

# बाल श्रमिक रखने पर दो होटल संचालकों पर 40 हजार का जुर्माना वसूला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर हरिस एस के निर्देशानुसार श्रम विभाग की टीम द्वारा विभिन्न संस्थाओं में जांच के दौरान 18 वर्ष से कम उम्र के बाल श्रमिक से कार्य कराए जाने वाले संस्थाओं के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में गत दिवस दो होटल संचालकों को बाल श्रमिकों से कार्य करवाते पाए जाने पर सम्बन्धितों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की गई, उक्त प्रकरणों की सुनवाई में श्रम न्यायालय द्वारा 40 हजार रुपए का जुर्माना किया गया है। श्रम पदाधिकारी भूपेन्द्र नायक ने इस बारे में बताया कि श्रम विभाग की टीम के निरीक्षण के दौरान मौर्य होटल चित्रकोट तथा मलाबार होटल जगदलपुर के संचालक द्वारा बाल



श्रमिकों से कार्य कराया जा रहा था। इस दौरान संयुक्त दल में शामिल श्रम निरीक्षक नमिता जॉन एवं नितेश महंत द्वारा उक्त सम्बंध में प्रकरण तैयार कर श्रम न्यायालय जगदलपुर में धारा 3 के तहत प्रकरण प्रस्तुत किया गया था, जिसमें माननीय श्रम न्यायालय द्वारा सम्बन्धित संचालकों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 40 हजार रुपए का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है। श्रम पदाधिकारी नायक ने बताया कि जिले में बाल श्रम को रोकने के लिए निरंतर कार्यवाही जारी रहेगी और बाल श्रमिक से कार्य कराने वाले संस्थानों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने जिले के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के संचालकों तथा होटल संचालकों से आग्रह किया है कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से बाल श्रम ना कराएं और श्रम अधिनियमों का पालन सुनिश्चित करें।

# बच्चों और युवाओं को नशे से बचाने दी गई उपयोगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम एवं नशामुक्त भारत अभियान सहित सड़क सुरक्षा अभियान अंतर्गत कलेक्टर हरिस एस और पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय टास्क फोर्स बस्तर के सहयोग से राज्य शासन द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुक्रम में नशे में लिप्त बच्चो के चिन्हांकन, सरंक्षण एवं पुनर्वास हेतु राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा जारी एसओपी के अनुसार एक युद्ध नशे के विरुद्ध जागरूकता के लिए गत दिवस शासकीय काकतीय पीजी कॉलेज धरमपुरा जगदलपुर में नशामुक्त भारत अभियान तथा सड़क सुरक्षा अभियान विषय पर जनजागरूकता कार्यशाला का




आयोजन किया गया। कार्यशाला में किशोर एवं युवा छात्र-छात्राओं को ड्रग्स एवं अन्य औषधि का प्रयोग नहीं करने सम्बन्धी विस्तृत जानकारी दी गई। विशेषज्ञों द्वारा इन मादक पदार्थों के व्यापक दुष्प्रभावों के बारे में अवगत कराया गया। इस दौरान जिला स्तरीय टास्क फोर्स दल द्वारा पुलिस विभाग, यातायात पुलिस, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, नगरीय प्रशासन, श्रम, स्वास्थ्य, आबकारी, समाज कल्याण विभाग सहित जिला बाल संरक्षण इकाई एवं चाईल्ड लाइन हेल्प डेस्क के अधिकारियों-कर्मचारियों एवं स्वयंसेवकों से समन्वय स्थापित कर उक्त मादक पदार्थों के उपयोग की रोकथाम एवं नशा मुक्ति हेतु तैयार कार्ययोजना के क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं पुलिस विभाग के जवानों द्वारा नशामुक्ति एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता सम्बन्धी लघु नाटिका की संदेशपरक प्रस्तुति दी गई।

# सुशासन तिहार में नपं बस्तर के तीन आवेदकों का बना नया राशन कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राज्य शासन द्वारा आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को दिलाने तथा आम जनता से सीधे संवाद करने के उद्देश्य से शहरी क्षेत्र से लेकर गांवों तक सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। सुशासन तिहार अंतर्गत नगर पंचायत बस्तर के निवासी ज्योति पांडेय ने एपीएल राशन कार्ड और लालेश्वरी एवं सुनील कुमार बरिहा ने बीपीएल राशन कार्ड के लिए आवेदन किया था। उक्त आवेदन पत्रों के आधार पर परीक्षण के उपरांत पात्रता के अनुरूप इन हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड



प्रदान कर दिया गया है। जिससे उक्त हितग्राहियों ने शासन की त्वरित पहल के लिए कृतज्ञता प्रकट किया है। ज्ञात हो कि सुशासन तिहार के प्रथम चरण में 8 से 11 अप्रैल तक आम जनता से आवेदन पत्र प्राप्त किए गए, वहीं दूसरे चरण में प्राप्त आवेदन पत्रों का विभिन्न विभागों द्वारा युद्ध स्तर पर निराकरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में सुशासन तिहार अंतर्गत नगर पंचायत बस्तर के निवासी ज्योति पांडेय के एपीएल राशन कार्ड और लालेश्वरी एवं सुनील कुमार बरिहा के बीपीएल राशन कार्ड हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों का नगर पंचायत द्वारा आवेदकों से संपर्क कर आवश्यक दस्तावेजों की जांच व परीक्षण उपरांत पात्र हितग्राहियों का तत्काल राशन कार्ड बनाया गया, साथ ही उन्हें नवीन राशन कार्ड प्रदान किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत बस्तर द्वारा बताया गया कि

सुशासन तिहार अंतर्गत नगर पंचायत बस्तर में राशन कार्ड से संबंधित अन्य आवेदनों में 22 आवेदन पत्र नाम जोड़ने के लिए प्राप्त हुए हैं, इन आवेदन पत्रों के निराकरण हेतु नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

# सरपंच के घर पहुंची आयुष विभाग की टीम, किया बीपी, वजन की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

आयुष विभाग के शासकीय आयुर्वेद औषधालय डिमरापाल की टीम 28 अप्रैल को डिमरापाल स्थित सरपंच मोतीरात कश्यप के घर पहुंची, जहां डॉ. ऋचा कटारे की मांग पर सरपंच

- **टीम ने मरीजों के घरों में पहुंच कर दी समझाइश**



ने लकवा वाले मरीजों को ट्रायसिकल देने का आश्वासन दिया। टीम ने सरपंच का वजन एवं बीपी की जांच की। उसके बाद गर्भवती महिलाओं सहित लकवा मरीजों का भी बीपी, शुगर, वजन की जांच की और दिनचर्या पर पूछा, साथ ही साफ-सफाई के बारे में बताया गया। मरीजों को एक बार जांच करने को गया। टीम में आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर एवं शासकीय आयुर्वेद औषधालय डिमरापाल के डॉ. कटारे, योग शिक्षक श्रीमती ज्योति विश्वकर्मा सहित फर्मासिस्ट योगेश्वर लाल सोनी, आयुर्वेद सेवक हरेन्द्र मौर्य, महादेव नाग शामिल रहे। जिला आयुष अधिकारी डॉ. मोहिनिश साहू ने बताया कि जिले के सभी वेलनेस सेंटर के डॉक्टरों को निर्देश दिया गया कि वे क्षेत्र के मरीजों के घर तक पहुंचकर समझाईश दें और शुगर, बीपी की जांच करें। इसके अलावा मरीजों को घर तक दवाइंयां पहुंचाएं।

# इंद्रावती के मुद्दे पर प्यास बुझाने की नाकाम कोशिश कर रही कांग्रेस : अविनाश

**जगदलपुर।** कांग्रेस पार्टी इंद्रावती नदी बचाओ पद यात्रा कर रही है, जिसपर भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव ने इस यात्रा पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए कहा कि भाजपा के खिलाफ राजनीतिक मुद्दों में कांग्रेस पार्टी प्यासी हो गई है, सरकार को घेरने का कांग्रेस को कोई मौका नहीं मिल रहा है, कांग्रेस पार्टी भाजपा के विकास के आगे नतमस्तक हो गई है, कांग्रेस पार्टी के संगठन में अब बड़ा फेरबदल होने वाला है इसलिए कांग्रेस के नेताओं को राजनीति बचाने के लिए पद यात्रा का सहारा लेना पड़ रहा है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप इंद्रावती नदी के जल संकट का स्थाई समाधान निकाल चुके है और जल्द ही इंद्रावती नदी में छत्तीसगढ़ के हिस्से का पानी मिलने लगेगा, और काफी अत्यधिक पानी अब उड़ीसा डेम से छोड़ा भी जा रहा है, सरकार ने जनता से जो वादा किया है वह पूरा भी हुआ है इसलिए जनता को भाजपा की सरकार पर भरोसा है।



# एसएलआरएम से निकलने वाली दुर्गंध से हलाकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के पण्डित सुंदरलाल शर्मा वार्ड के रहवासी एक दशक से से सर्गीपाल मार्ग रेलवे कॉलोनी से सटे नगर निगम के एसएलआरएम सेंटर (कचरा सेंटर) से

- **वार्ड पार्षद लोगों की शिकायत को संज्ञान में लेते आयुक्त को कचरा सेंटर हटाने सौपा पत्र**



निकलने वाली बदबू से हलाकान है। वार्डवासियों ने अपनी मांग को लेकर वार्ड के पार्षद का भी ध्यानाकर्षण किया है। जिस पर वार्ड के पार्षद योगेंद्र पांडे ने भी अपनी सहमति जताई है।

विदित हो शहर के पंडित सुंदरलाल शर्मा वार्ड में बीते लगभग 10 साल पहले बने नगर निगम के एसएलआरएम सेंटर बनाया गया,जहां शहर के विभिन्न वार्डो से निकलने वाला गीला व सूखा कचरा एकत्र कर जैविक खाद तैयार किया जाता है। बड़े तादात में कचरा जमा होने से निकलने वाली दुर्गंध से वार्डवासी परेशान है। इस वजह से वार्डवासियों को वायु प्रदूषण का सामना करना पड़ रहा है। वार्डवासियों के साथ उनके बच्चों के स्वास्थ्य पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। जिसके बाद से ही वार्डवासी एसएलआरएम सेंटर हटाने की मांग कर रहे है।

### कचरा सेंटर हटाना होगा

वहीं इस मामले में वार्ड के पार्षद योगेंद्र पांडेय ने कहा कि वह वार्डवासियों के समर्थन में है। नगर निगम चुनाव के दौरान ही उन्होंने वार्डवासियों से इस एसएलआरएम सेंटर को वार्ड से हटाने का वादा किया था। उस वादे को वह पूरी तरह निभाएंगे। उन्होंने बताया कि वार्ड से एसएलआरएम सेंटर को हटाने को लेकर उन्होंने लगभग एक महीने पहले ही नगर निगम आयुक्त को पत्र लिखा था। आयुक्त को वार्ड में बुलाकर एसएलआरएम सेंटर और वार्ड का निरीक्षण कराया था। पार्षद ने कहा है कि वार्ड से एसएलआरएम सेंटर को हटाना ही है।

# कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त हुए 31 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार 29 अप्रैल को जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मण्डावी ने जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में आवेदकों की समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।



जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में पीएम आवास दिलाने, पेंशन दिलाने, अंत्योदय राशन कार्ड बनाने, कृषि भूमि का पट्टा दिलाने, पक्की नाली निर्माण, पुलिया निर्माण, सीसी रोड़ निर्माण, रोजगार प्रदान करने, मंदिर परिसर में गार्डन निर्माण कराने, प्रधानमंत्री आवास प्रदान करने, विद्युत लाईन पोल लगवाने, राशन दुकान के भवन का किराया राशि दिलाने, सचिव कि पदस्थापना कराने, बोर खनन के लिए सब्सिडी प्रदान करने, कब्जा हटाने जैसे विभिन्न प्रकार की मांगों व समस्याओं से संबंधित कुल 31 आवेदन प्राप्त हुए।

सीईओ ने संबंधित अधिकारी को आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर जितेन्द्र कुर्रे सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तर के अधिकारी उपस्थित रहें।

# विधायक ने तीन जगहों पर बोर खनन व एक पानी टैंकर कराया उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरहरपुर

गर्मी का मौसम शुरू होते ही सबसे बड़ी समस्या पेयजल की रहती है, जिसके चलते जनजीवन प्रभावित हो जाता है। इस समस्या के समाधान के लिए नगर पंचायत नरहरपुर में कांकेर विधायक आशाराम नेताम ने भाजपा पार्षद मुकेश संचेती के निवेदन पत्र, जिसमें तीन नग पानी टैंकर व तीन नग बोर खनन कराने का आग्रह विधायक से किया था। जिस पर विधायक आशाराम ने नरहरपुर की समस्या को गंभीरता से लेते हुए संवेदन शीलत पूर्वक तत्काल नगर में तीन जगहों पर बोर खनन कराया गया, जिससे शहर वासियों को पेयजल की परेशानी से राहत मिल सकेगी। वहीं एक टैंकर भी उपलब्ध करा दिया गया, जिसका उद्घाटन जनपद अध्यक्ष सोमन कावडे, पार्षद मुकेश संचेती एवं भागवत शोरी उईके के करकमलों द्वारा किया गया तथा सभी ने टैंकर उपलब्ध कराने के लिए विधायक आशाराम का आभार जताया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संतोष भास्कर, निज सहायक बलराम साहू, धनेश कौशिक, लक्ष्मी नारायण साहू, आसकरण धुव्र, अघन मरकाम उपस्थित रहे।



## पेज 11 के शेष ...

### भारत विरोधी बयान...

तब उनको दर्द पता चलता। कथित किसान नेता के द्वारा दिए गए बयान से लग रहा है कि उनकी दिमागी हालत खराब हो गई है, उनके परिजनों को कथित किसान नेता का ईलाज करवाना चाहिए।

### प्राथमिक व माध्यमिक...

समस्त प्राथमिक, माध्यमिक शालाओं के केन्द्रीकृत परीक्षा परिणाम की घोषणा बुधवार 30 अप्रैल को छात्रों, पालकों एवं जनप्रतिनिधियों के बीच की जाएगी।

### पारिवारिक विवाद...

दोनो गाड़ी खिलौना को लेकर लड़ाई करने लगे, तब शिवा नाग ने मेरे बच्चे के हाथ को पकड़कर काटने लगा, तो मैने मना किया, तब शिवा नाग ने मेरे देवर कमलसिंग नाग को बड़ी मम्मी मारी है, करके बताने पर मेरे देवर कमल सिंग नाग ने बच्चों की बात को लेकर मेरे पास प्लास्टिक की बाल्टी को लेकर आया और मुझे मेरे बच्चे को मारने वाली तू कौन होती है कहते हुए गाली देने लगा। आज तुझे जान से मारकर खत्म कर दूंगा बोलते हुए हाथ मुक्का व प्लास्टिक की बाल्टी तथा घर आंगन में पड़े पत्थर के तुकड़े से मेरे सिर में मार दिया। मारपीट करने से मेरे सिर में चोट लगा है और खून निकलने लगा। मोबाईल फोन से घटना के बारे में मैने अपने दादी देवलाबाई कोरेटी को बताई। तब मेरी दादी देवलाबाई ने गांव में बैठक रखकर समझाऐंगे करके पेड़ावारी के सकुन जैन के साथ ग्राम कोनगुड़ आए। कोनगुड़ में बैठक नही होने पर मुझे मेरी दादी ने ईलाज कराऊंगी करके अपने गांव कोनगुड़ से पेड़ावारी लेकर गई।

ईलाज कराने के उपरांत शिकायत दर्ज कराने थाना आई हूं। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी कमल सिंग नाग के खिलाफ धारा 296, 115 (2), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### राष्ट्रीय स्तर पर...

गया, जिसमें पौधारोपण, प्लास्टिक झिल्ली मुक्त व्यवहार, पानी बचाव संरक्षण- संवर्धन, विद्युत सद्ुपयोग, कार्बन उत्सर्जन में कमी, बीज बैंक निर्माण, कंपोस्ट पीट निर्माण कर सूखा कचरा, गीला कचरा पृथककरण, जैविक पोषण वाटिका जैसे कई योजना बनाकर गतिविधियों को करते हुए रिपोर्ट तैयार किया गया। जहां पर्यावरण में इनकी भूमिका एवं बदलाव को समझने का कोशिश किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शाला के प्रधानपाठक, सभी शिक्षकगण, विद्यार्थी, पालक कार्यक्रम समन्वयक एवं शाला प्रबंधन समिति का भरपूर सहयोग रहा है। हमारा योजना प्रकृति के संरक्षण, संवर्धन एवं सदुपयोग को अपने जीवन शैली में लाना है। जैसे कि प्रत्येक व्यक्ति हर साल एक पौधा अवश्य लगाकर उसका पूर्ण संरक्षण करे, उस पौधा को गोद ले, प्लास्टिक मुक्त वातावरण बनाने में मदद करे, पानी की बचत करना सीखे, प्रकृति को संरक्षित करें, जैविक पोषण को अपनाए एवं कार्बन उत्सर्जन कम करने जीवन शैली में सुधार लाए। राष्ट्रीय स्तर चयन होने से शिक्षक एवं बच्चे ईको कैम्प पर अन्यत्र भ्रमण सीखने जाएंगे, जहां राष्ट्रीय कैम्प में एक दूसरे के क्रियाकलापों का साझा किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### पहलगाम में मारे गए लोगों को दी गई श्रद्धांजलि



**जगदलपुर।** विश्व ब्राह्मण स्वर्णकार समाज की बैठक वीर ब्रह्मेंद्र स्वामी मंदिर, न्यामुंडा में आयोजित की गई। इस बैठक में पहलगाम में 22 अप्रैल को हुई दुखद घटना जिसमें 26 निर्दोष लोगों ने अपनी जान गंवा दी उस पर समाज ने दो मिनट मौन रख कर शोक व्यक्त किया। समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने आतंकवाद के हमले की कड़ी निंदा की और दिवंगत परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। बैठक में समाज की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए चर्चा की गई, जिसमें सामुदायिक भवन के निर्माण और आगामी वीर ब्रह्मेंद्र स्वामी सजिव समाधि उत्सव 6 मई के आयोजन पर विशेष जोर दिया गया।

### छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मान



**बचेली।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बचेली में कक्षा 11वीं के हेल्थ केयर और इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी के छात्राओं के द्वारा 10 दिवसीय इंटर्नशिप पूर्ण होने पर स्कूल की एसएमडीसी अध्यक्ष पुष्पा सिंह एवं वार्ड क्रमांक 3 के पार्षद हरीश शर्मा एसएमडीसी सदस्य के द्वारा छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदाय कर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर शाला की प्राचार्य एवं शिक्षक उपस्थित थे। विद्यालय के व्यावसायिक शिक्षक अक्षय कुमार सेठिया, शिक्षिका सुश्री धारणी पटेल के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ।

### 30 अप्रैल से 2 मई तक वृहद स्तर पर होंगे जनचौपाल

**बीजापुर।** जिला बीजापुर अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का आंकलन करने के लिए जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में 30 अप्रैल से 2 मई तक जन चौपाल का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जनपद, ग्राम पंचायत स्तरीय अधिकारियों को ग्राम पंचायत में निर्धारित तिथि को उपस्थित होकर ग्रामीणों के साथ चौपाल आयोजित करते हुए ग्राम पंचायत की मूलभूत सुविधाओं एवं आवश्यकताओं पर परिचर्चा करने हेतु निर्देशित किया गया है।

## प्रतिभा सम्मान समारोह और वार्षिकोत्सव का आयोजन

# यह सफलता शिक्षकों और बच्चों की कड़ी मेहनत का परिणाम : शकुंतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

बस्तर ब्लाक के ग्राम पंचायत कुंडगुड़ा के प्राथमिक शाला खैरगुड़ा में प्रतिभा सम्मान समारोह सह वार्षिकोत्सव समारोह एवं न्यौता भोज कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य शकुंतला कश्यप ने अपने संबोधन में प्राथमिक शाला खैरगुड़ा के शिक्षकों और बच्चों को नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता शिक्षकों और बच्चों की कड़ी मेहनत का परिणाम है।

श्रीमती कश्यप ने आगे कहा कि शिक्षकों और बच्चों को इसी तरह मेहनत और लगन से काम करते रहना चाहिए और अधिक से अधिक बच्चों का चयन कराने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन सभी स्कूलों में होने चाहिए ताकि बच्चों को प्रोत्साहन और प्रेरणा मिल सके। शकुंतला कश्यप ने शिक्षकों, बच्चों और उनके पालकों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विकासखंड शिक्षा अधिकारी भारती देवांगन ने प्राथमिक शाला



खैरगुड़ा के शिक्षकों और बच्चों को नवोदय विद्यालय में चयन होने पर बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस संस्था के बच्चे, शिक्षक और पालकगण सभी जागरूक हैं और इसी का परिणाम है कि बच्चे नवोदय विद्यालय और एकलव्य जैसे प्रतिष्ठित विद्यालयों में चयनित होकर प्रवेश ले रहे हैं।

श्रीमती देवांगन ने आगे कहा कि आगामी सत्र में अधिक से अधिक बच्चों का चयन हो, इसके लिए प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने प्राथमिक शाला खैरगुड़ा में शाला संग्रहालय की भी प्रशंसा की, जहां विलुप्त होती पारंपरिक वस्तुओं और संस्कृति को संजोया गया है। यह प्रयास न केवल बच्चों को अपनी संस्कृति के बारे में जानने का अवसर प्रदान करता है, बल्कि उन्हें अपनी जड़ों से जुड़ने में भी मदद करता है। सरपंच ईस्पर मंडावी ने प्राथमिक शाला खैरगुड़ा के शिक्षकों और बच्चों की कड़ी मेहनत की प्रशंसा की, जिससे हर साल उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नवोदय विद्यालय और एकलव्य जैसे प्रतिष्ठित विद्यालयों में चयनित होकर प्रवेश ले रहे हैं।

उन्होंने कहा कि ऐसे शिक्षक न केवल ग्राम पंचायत का बल्कि जिले का भी नाम रोशन कर रहे हैं। सरपंच ईस्पर मंडावी ने ग्राम पंचायत कुंडगुड़ा की ओर से शिक्षकों को सम्मानित करते हुए बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आगामी शैक्षणिक सत्र में अधिक से अधिक बच्चों का चयन कराने के लिए प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने खैरगुड़ा के युवाओं को भी बधाई दी, जो स्कूल प्रबंधन में सहयोग कर रहे हैं और स्कूल में ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन में मदद कर रहे हैं।

सीएसी कृष्णा सिंह ठाकुर ने सभी उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों, शिक्षकों, छात्रों और ग्रामीण जनों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम न केवल छात्रों की प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर था, बल्कि समुदाय की एकता और सहयोग का भी प्रतीक था। कृष्णा सिंह ठाकुर ने कार्यक्रम के समापन की घोषणा करते हुए सभी को धन्यवाद दिया और आशा व्यक्त की कि इस प्रकार के आयोजन भविष्य में भी होते रहेंगे, जो छात्रों के विकास और समुदाय के सहयोग को बढ़ावा देते रहेंगे। कार्यक्रम में नवोदय विद्यालय में चयनित बच्चों को सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर ग्रामीण जन भी उपस्थित थे जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।

## जनप्रतिनिधियों ने जिपं अध्यक्ष नंदलाल से की भेंट



**गीदम।** जनपद पंचायत गीदम अध्यक्ष शकुंतला भास्कर और उपाध्यक्ष दिनेश कौशल के नेतृत्व में जनपद सदस्यों, कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों का प्रतिनिधिमंडल जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी से जिला पंचायत कार्यालय में मिला। प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्रीय समस्याओं और विकास कार्यों की आवश्यकता को लेकर विस्तृत चर्चा की। बैठक में ग्रामीण विकास, सड़क मरम्मत, पेयजल संकट, स्वास्थ्य सुविधाओं की सुलभता तथा शैक्षणिक संस्थानों में मूलभूत सुविधाओं के जैसे कई महत्वपूर्ण मुद्दे प्रमुखता से उठाए गए। जनसमस्याओं की गंभीरता को देखते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष मुड़ामी ने तत्परता दिखाते हुए जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयंत नाहटा से तुरंत मुलाकात की। नाहटा ने सभी उठाए गए बिंदुओं को गंभीरता से लेते हुए तत्काल संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का समाधान किया जाए। नाहटा ने कहा कि जनप्रतिनिधियों और जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करते हुए विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। उनकी त्वरित कार्रवाई और सकारात्मक पहल की सभी प्रतिनिधियों ने सराहना की। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जिला पंचायत प्रशासन क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है और आने वाले समय में जनता को और बेहतर सुविधाएँ प्रदान की जाएंगी। प्रतिनिधिमंडल ने जिला पंचायत अध्यक्ष का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अपेक्षा जताई कि जिला प्रशासन क्षेत्रीय विकास में निरंतर सकारात्मक पहल करता रहेगा। इस अवसर पर जनपद पंचायत गीदम अध्यक्ष शकुंतला भास्कर, उपाध्यक्ष दिनेश कौशल, भाजपा मंडल अध्यक्ष गीदम सुधराम भास्कर, जनपद सदस्य पवन कर्मा, जिला राम कोर्राम, रामूराम आलमी, मडाराम वेक, अनिता नेताम, झूनकी, जनपद उपाध्यक्ष दंतेवाड़ा रमेश गावड़े, जनपद सदस्य भूमे वेट्टी, गीता यादव, रुचिका, सरपंच मनोज कोर्राम, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्याम ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष सोमडू कोर्राम, सरपंच पवन गढ़मिरी, रमेश यादव और लक्ष्मण लेकाम समेत कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## नए हैंडपंप से ग्रामीणों में खुशी की लहर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

ग्राम पंचायत भोगाम के पूरनतराई टोटापारा में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या का समाधान अब हो गया है। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी से मुलाकात की और अपनी पीड़ा साझा की, जिसके बाद तत्काल कार्रवाई करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

गौरतलब है कि टोटापारा में ग्रामीणों के लिए पेयजल का

■ जिपं अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी की पहल से टोटापारा को मिली पेयजल से राहत

एकमात्र सहारा एक प्राकृतिक जल स्त्रोत था, जो लगभग एक किलोमीटर दूर स्थित है। इस दूरस्थ स्त्रोत से पानी लाना ग्रामीणों के लिए बेहद कठिन था। क्षेत्र में पहले एकमात्र हैंडपंप था, लेकिन उसके धँस जाने के बाद पेयजल संकट और गहरा गया था।

ग्रामीणों की इस गंभीर समस्या को देखते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने तुरंत अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए और नए हैंडपंप की स्वीकृति दी गई। जिला पंचायत सदस्य तिलेश्वरी नागेश का इस प्रयास में विशेष सहयोग रहा। हैंडपंप की खुदाई पूरी होते ही ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। लोगों ने जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्य का हृदय से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुड़ामी ने कहा हमारा उद्देश्य है कि शासन की हर योजना अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे।

जनता की समस्याओं का समाधान हमारी पहली प्राथमिकता है। जिला पंचायत सदस्य तिलेश्वरी नागेश ने कहा, आपका सहयोग और विश्वास हमारी ताकत है। जब भी कोई समस्या हो, बेझिझक बताइए, मैं हमेशा साथ खड़ी रहूंगी। जनपद उपाध्यक्ष रमेश गावड़े ने भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि जनपद स्तर से हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। इस मौके पर जनपद सदस्य पवन कर्मा सहित अनेक ग्रामीणजन उपस्थित रहे और इस पहल की सराहना की।

इस कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष रमेश गावड़े, जनपद सदस्य पवन कर्मा, पूर्व सरपंच जोगा पोडियम, सुमित आर्य, देवा, सोमलु, मंगू सहित अनेक ग्रामीणजन उपस्थित रहे और इस पहल की सराहना की।

## आईटी एवं हेल्थ केयर के छात्रों को इंटर्नशिप प्रमाण पत्र का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारसूर में स्थानीय परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। इस दौरान सत्र की अंतिम मेगा बैठक तथा कक्षा ग्यारहवीं के आईटी एवं हेल्थ केयर के छात्रों को इंटर्नशिप प्रमाण पत्र वितरण किया गया।

आयोजन में प्रवीण कुमार नाग प्राचार्य द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। उसके पश्चात कार्यक्रम के अतिथियों नगर पंचायत अध्यक्ष सुभद्रा नेगी, उपाध्यक्ष एवं एसएमडीसी अध्यक्ष दिनेश्वरी मांझी, एसएमडीसी उपाध्यक्ष रुक्मणी पुजारी, जिला पंचायत सदस्य ममता मंडावी, भाजपा मंडल अध्यक्ष बैसु राम मांडवी, मनहर नेताम, जसवीर नेगी, बद्रीनाथ



पुजारी, हेम कुमार नाग़, हितेश सिन्हा, राजेश नाग द्वारा शिक्षा के महत्व एवं परिणामों पर प्रकाश डाला गया। संस्था में वर्ष 2022 से 9वीं से 12वीं तक व्यायसायिक शिक्षा संचालित हो रही है। व्यावसायिक शिक्षक संजीव दास एवं टिकुराम के लहरे के द्वारा व्यावसायिक शिक्षा के महत्व एवं छात्रों को रोजगार की असीम संभावनो की जानकारी दी गई। गौरतलब हैं कि इंटर्नशिप के दौरान छात्रों को विभिन्न तरह के कार्यों को सिखाया जाता है।

व्यावसायिक शिक्षा योजना के तहत 9वीं एवं 10वीं के छात्रों को ऑन जॉब ट्रेनिंग तथा 11वीं 12वीं के छात्रों को इंटर्नशिप कार्यक्रम करवाए जाते हैं जिससे उन्हें भविष्य में कौशल विकास और रोजगार के उद्देश्य को पूर्ण किया जा सके। कार्यक्रम में नवमी एवं 11वीं के छात्राएं विद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



**लोहंडीगुड़ा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेजेस बालक हिन्दी माध्यम लोहण्डीगुड़ा में आज कक्षा नवमीं एवं ग्यारहवीं के छात्र-छात्राओं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें कक्षा नवमी में 79.3 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान पर, द्वितीय स्थान पर कबीर 74.6 प्रतिशत व बिगड़ने कश्यप तृतीय स्थान पर रहे। इसी तरह कला व वाणिज्य संकाय में प्रथम पर बाल साय 79 प्रतिशत, कला व द्वितीय स्थान पर कु राखी 75 प्रतिशत वाणिज्य संकाय, कु . प्रेम बती 73.8 प्रतिशत वाणिज्य संकाय से तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा ग्यारहवीं विज्ञान व कृषि संकाय से प्रथम स्थान पर कु करीना पानीगाही 79.2 प्रतिशत विज्ञान संकाय और द्वितीय स्थान पर कु मुस्कान देशलहरे 68.6 प्रतिशत, विज्ञान संकाय व त्रितीय स्थान पर 66 प्रतिशत कृषि संकाय से रहे। इस अवसर पर शाला विकास प्रबन्ध समिति के सदस्य उदय सिंह ठाकुर व घासीराम नाग, प्राचार्य हेमराव खापडै, पीएमश्री लोहण्डीगुड़ा के प्राचार्य अशोक खापडै, उप प्राचार्य श्रध्दा सोनी, परीक्षा प्रभारी नितिन देशमुख मौजूद रहे।

## 3 दिवसीय सुविधा शिविर में 550 आवेदन जमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन और मार्गदर्शन में सुविधा शिविर का आयोजन किया गया। 25 अप्रैल से 27 अप्रैल को सुकमा विकासखंड के ग्राम पंचायत बड़ेसेट्टी में सुविधा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के सफल क्रियान्वयन हेतु अनुविभागीय अधिकारी(रा.) सुकमा को नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत सुकमा को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

सुविधा शिविर में आधारकार्ड निर्माण, आयुष्मान कार्ड निर्माण, महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत जॉब कार्ड निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राशन कार्ड, वन अधिकार मान्यता प्रमाण पत्र, वोटर आईडी कार्ड, बैंक खाता खोलना, नवीन आवेदन की



पेंशन स्वीकृति दिव्यांग प्रमाण पत्र, पेंशन का भुगतान से लाभान्वित करने के साथ ही राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में ग्रामीणों को जानकारी उपलब्ध कराई गई।

ग्रामीण बड़ी संख्या में अपनी समस्या के समाधान के लिए शिविर में उपस्थित हुए। शिविर में कुल 550 आवेदन पात्र प्राप्त हुए जिनमें से पशुधन विकास विभाग के 30, श्रम विभाग के 46, बैंक अकाउंट ओपनिंग के 14, कृषि विभाग के 68, आधार कार्ड के 50, राजस्व विभाग के 12, खाद्य विभाग के 62, महिला एवं बाल विकास विभाग के 24, आदिवासी विकास विभाग के 32, नवीन वोटर आईडी के 44, नवीन लाइसेंस के 15, समाज कल्याण विभाग के 51, बीमा संबंधी के 95, जन्म प्रमाण पत्र के 7, आयुष्मान कार्ड के 28 आवेदन पत्र प्राप्त हुए।

## महिला प्रतियोगिता के लिए शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय की टीम रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर के द्वारा 11 व 12 नवंबर को सेक्टर स्तरीय चयन प्रतियोगिता का आयोजन एकलव्य की परीक्षा जावंगा में किया गया था, जिसमें खेल के प्रदर्शन एवं उच्च स्तर के आधार पर शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर की सॉफ्टबॉल महिला टीम का गठन किया गया। यह टीम 30 अप्रैल से विक्रम यूनिवर्सिटी नेल्लूर आंध्र प्रदेश में आयोजित अंतर विश्वविद्यालय अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में बस्तर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता पूर्ण दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सहित महेंद्र कर्मा कन्या महाविद्यालय दंतेवाड़ा में किया गया था। इस टीम में खिलाड़ी इस प्रकार से हैं विमला तेलाम, अरुणा पुनेम, ज्योति हेमला, चंद्रकला, जयमती, शर्मिला, आकांक्षा, लक्ष्मी मौर्य, माड़वी शांति, शामबती, रेणुका, ओमेश्वरी, यालका, लालिमा, अनीता, विमला, टीम कोच, मारुति नन्दन मरकाम क्रीड़ा अधिकारी शासकीय महेंद्र कर्मा कन्या महाविद्यालय दंतेवाड़ा एवं टीम मैनेजर राजेंद्र सिंह राज होंगे। सॉफ्टबॉल महिला बस्तर विश्वविद्यालय की टीम को बीके केवट, संचालक शारीरिक शिक्षा विभाग, डॉ. विवेक शर्मा, राहुल गौरखेड़े, सत्यव्रत त्रिपाठी, शिवांग त्रिपाठी, भूमिका साहू सभी अधिकारी-कर्मचारियों में शुभकामनाएं दी।

## टीचर्स एसोसिएशन ने सेवानिवृत शिक्षिकाओं को दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

विकासखण्ड दरभा के टीचर्स एसोसिएशन द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंदबहार में तीन सेवानिवृत शिक्षिकाओं के लिए सम्मान सह विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तीन शिक्षिकाओं में श्यामकुंवर उइके सहायक शिक्षक पंचायत, विजेश्वरी पोद्दार व्याख्याता, मनीला राव सहायक शिक्षक को सम्मान सह भावभीनी विदाई दी गई।

स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए एसोसिएशन के विकासखण्ड अध्यक्ष बुधराम कश्यप ने बताया कि दरभा शिक्षा कर्मी संघ के इतिहास में पहली बार यह सम्मान सह विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। संघ के जिला अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने बताया और कहा कि बड़े दुःख की बात है कि शासन के द्वारा हमारे एलबी संवर्ग के शिक्षकों को सेवानिवृत्ति के बाद सम्मान नहीं दिया जाता है। जिला उपाध्यक्ष लुदरसन कश्यप द्वारा शिक्षाकर्मी संघ के संघर्षों के दौरान सेवानिवृत व्याख्याता विजेश्वरी पोद्दार का संघ के प्रति निष्ठा व कर्मठता को उजागर किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी दरभा एवं जिला सह सचिव जगदीश पात्र ने शिक्षकीय पद व उसकी सेवा को ईमानदारी के साथ जीने को कहा गया। जिला संयुक्त सचिव तुलादास मानिकपुरी ने बताया कि संघ के अथक प्रयास से ही शिक्षा कर्मी आज इस मुकाम तक पहुंचे हैं। जिला महिला प्रकोष्ठ अध्यक्षा भूमिका निषाद ने इस परम्परा को बनाए रखने को कहा। सेवानिवृत व्याख्याता विजेश्वरी पोद्दार ने अपने शिक्षकीय पद पर रहते हुए जीवन से जुड़े विभिन्न अहम बातों को शिक्षकों के समक्ष रखते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने हेतु प्रेरित किया। मनीला राव द्वारा जब शिक्षक के पद पर थे उस समय के अपने अनुभव साझा किया। अंत में सेवानिवृत शिक्षिकाओं को संघ के द्वारा साल, श्रीफल, मोमेंटो और सम्मान पत्र से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजेश गुप्ता, लुदरसन कश्यप, जगदीश पात्र, मंगलराम मौर्य, भूमिका निषाद, तुलादास मानिकपुरी, बुधराम कश्यप, सलीम शाह, रजनी वर्मा, यशवंत सोनवानी, चक्रधर बघेल, राजेंद्र सिंह नेताम, नवीन प्रकाश साहू, राजकुमार वैभव, अरविंद सिंह, श्रीधर सेठिया, उग्रसेन यादव, जुलेखा शाह, कौशल्या नायक, शोभा मौर्य, राधामनी कश्यप, अहिल्या पाणीग्राही, शहनाज खान, उषा कश्यप, ममता सेठिया, दीनबंधु नाग, मनोहर सिंह बरनाला, प्रमोद कुमार मरावी, रामधर मौर्य, गायत्री उयके, डिम्पल ठाकुर, वर्षा बरनाला, एनएसएस छिंदबहार के छात्र छात्राएं, छिंदबहार स्कूल के स्टॉफ तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

## मन की बात में दंतेवाड़ा का नाम सुनकर गदगद हुए भाजपाई



हरभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम के 121 वे संस्करण के प्रसारण में दंतेवाड़ा जिले में संचालित विज्ञान केन्द्र का उल्लेख किया गया, रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा शहर के सभी 48 वार्डों में बूथ वार सामूहिक रूप से सुना गया।

भारतीय जनता पार्टी ने मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण देखने व सुनने के लिये सभी वार्डों में मुख्य अतिथि व प्रभारी बनाये थे। जहाँ भाजपा कार्यकर्ताओं ने सामान्य जनों के साथ मन की बात कार्यक्रम का श्रवण किया। प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुये आतंकी हमले में मृतकों व उनके परिवार के प्रति दुख प्रकट करते हुये आतंकी हमले के दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्यवाही करने की बात देशवासियों से कही। नगर मण्डल अध्यक्ष प्रकाश झा ने बताया कि जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पाण्डेय के निर्देशानुसार मन की बात कार्यक्रम को सामूहिक रूप से सुनने हेतु सभी वार्डों में मतदान केंद्र अनुसार व्यवस्था बनायी गयी थी।

## गढ़िया में ग्रामवासियों ने सुनी प्रधानमंत्री की मन की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लोहण्डीगुड़ा ग्राम पंचायत गढ़िया सरपंच भरत कश्यप ने अपने गृह ग्राम में ग्रामवासियों एवं भाजपा कार्यकताअरं के साथ प्रधानमंत्री के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात श्रवण किया।

देश के प्रधानमंत्री के विचार और संदेश आज पूरे देश के लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं। मन की बात के माध्यम से देश के कोने-कोने में हो



रहे नवाचारों, सामाजिक पहलों और सकारात्मक परिवर्तनों की जानकारी आमजन तक पहुँचती है, जिससे पूरे समाज में जागरूकता और ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम न केवल प्रेरणा देता है, बल्कि समाज में सक्रिय भागीदारी और रचनात्मक परिवर्तन को भी प्रोत्साहित करता है। प्रधानमंत्री ने इस बार मन की बात में बस्तर संभाग के दंतेवाड़ा जिले में स्थापित विज्ञान केन्द्र की विशेष रूप से सराहना की है।

हमारे बस्तर के लिए गर्व की बात है। इस दौरान सावेंद्र सेठिया,सुदरू सेठिया, निरंजन बघेल, जगर बघेल,कमलू बघेल आदि उपस्थित थे।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### मावा मोदोल का विधायक ने किया निरीक्षण, बच्चों से मांगे सुझाव

**भानुप्रतापपुर।** विकासखण्ड भानुप्रतापपुर क्षेत्र के मुख्यालय में संचालित मावा मोदोल का निरीक्षण विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने किया और छात्रों के साथ चर्चा किया। मावा मोदोल को बेहतर बनाने के तरीके पर सुझाव मांगे। इसमें पीएससी, रेलवे, व्यापम, पुलिस, शिक्षक आदि प्रतियोगी परीक्षाओं कि मुफ्त तैयारी कराया जाता है। इस अवसर पर वीरेन्द्र ठाकुर, सुनील बबला पाढ़ी, सुनाराम तेता, गुरदीप सिंह ढींढसा, नरेंद्र कुलदीप, रूपेंद्र मरकाम, भगवान सिंग कुंजाम, विजय धामेचा, पारस सोनी, मुकेश चन्द्राकर, जितेन्द्र बेंजामिन व अन्य उपस्थित रहे।

### इंद्रावती बचाओ यात्रा शामिल हुई विधायक



**दुर्गूकोंदल।** इंद्रावती नदी बस्तर क्षेत्र की जीवनरेखा मानी जाती है। यह नदी पर्यावरण, जलस्त्रोत,खेती और आदिवासी जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में चित्रकोट (जगदलपुर) से यात्रा की शुरुआत किया गया, जिसमें भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडीवी शामिल हुई।

इंद्रावती बचाओ यात्रा एक जनांदोलन है, जो इस नदी को बचाने के लिए शुरू किया गया है। इसमें कांग्रेस पार्टी के साथ-साथ सामाजिक कार्यकर्ता, पर्यावरण प्रेमी, स्थानीय आदिवासी समुदाय और सामाजिक संगठन ने भाग लिया। इस यात्रा का उद्देश्य लोगों को जागरूक करना सरकार तक नदी की समस्याओं को पहुंचाना और स्थायी समाधान के लिए दबाव बनाना है।

### अक्षय तृतीया से एक दिन पहले रुकवाया गया बाल विवाह



**कांकेर।** जिले में आज बाल विवाह का एक प्रकरण शादी की तिथि के एक दिन पूर्व रुकवाया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय से लगे ग्राम सिंगारभाट डुमरपारा में आयोजित विवाह समारोह के ठीक एक दिन पूर्व चाईल्ड हेल्पलाइन 1098 में मिली बाल विवाह की सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके पर टीम द्वारा विवाह रुकवाया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार शिकायत प्राप्त होते ही महिला बाल विकास विभाग और पुलिस विभाग के संयुक्त दल ने ग्राम सिंगारभाट में जाकर मौके पर नाबालिग बालिका जिसकी उम्र 17 वर्ष 11 माह है, का विवाह 30 अप्रैल 2025 यानी अखती के दिन होना प्रस्तावित था, जिसे रुकवाया गया। उक्त विवाह को परिवार वालों को बाल विवाह अधिनियम 2006 की जानकारी देकर परिवार वालों की सहमति के आधार पर विवाह तत्काल प्रभाव से रुकवाया गया।

**समस्या : पिछले साल की बोनस राशि भी नहीं मिली**

# तेंदूपत्ता की सरकारी खरीदी पर फड़ मुंशियों ने जिला वनोपज अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



तेन्दूपत्ता संग्रहण के मद्देनजर प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति बारदेवरी कि आवश्यक बैठक जिला वनोपज सहकारी संघ के अध्यक्ष के नेतृत्व में हुआ। बैठक में समिति अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष विशेष रूप से उपस्थित रहें। बैठक में तेन्दूपत्ता संग्रहण को लेकर चर्चा की गई, जिसमें फड़ मुंशियों के द्वारा तेन्दूपत्ता के सरकारी खरीदी से उत्पन्न होने वाले समस्याओं को लेकर चिंता जाहिर किया गया। जिला वनोपज सहकारी संघ के अध्यक्ष नितिन पोटाई ने कहा कि तेन्दूपत्ता को ठेकेदारी प्रथा के माध्यम से खरीदी करने पर तेंदूपत्ता के परिदान के पश्चात उसके उल्टाई-पल्टाई, बोरा भराई, तेंदूपत्ता संग्रहण स्थल की देखरेख, तार पोल की व्यवस्था करना आदि की जवाबदारी ठेकेदार की रहती थी, लेकिन अब सरकारी खरीदी करने से इसकी व्यवस्था संघ को करनी होगी। कहा कि साख कर्तन कि राशि के लिए संघ द्वारा संग्राहकों के बैंक खाते में सीधे जमा करने के लिए निर्देश दिया गया है, जो व्यावहारिक रूप से सही नहीं है, क्योंकि साख कर्तन की राशि प्रति मानक बोरा के हिसाब से तय किया जाता है, जो बहुत कम होता है। एक एक संग्राहकों के खाते में 50 से 100 रुपए डालना दिक्कत भरा काम होगा। पूर्व की भांति साख कर्तन की राशि चेक के माध्यम से फड़ मुंशियों को दिया जाए ताकि वे निकाल कर संग्राहकों को नगद भुगतान कर सके।

फड़ मुंशियों ने बताया कि पिछले कई वर्षों से प्रति मानक बोरा के हिसाब से तेंदूपत्ता का वास्तविक मूल्य तो मिल रहा है, लेकिन बोनस की राशि अभी तक अप्राप्त है, अतः उसे दिलाई जाए। इन समस्त विषयों को लेकर जिला सहकारी संघ के अध्यक्ष को पत्र सौंप कर निराकरण करने का अनुरोध किया। अध्यक्ष ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना तथा उसे दूर किए जाने कि बात कहते हुए तत्काल मुख्यवन संरक्षक राज्य लघु वनोपज संघ रायपुर मोहम्मद शाहिद से बात कर साख कर्तन की राशि नगद भुगतान करने के संबंध में निर्देश जारी करने को कहा। जिला वनोपज सहकारी संघ के अध्यक्ष ने बताया कि बारदेवरी समिति में कुल16 खरीदी केंद्र है, जिसमें लगभग 2001 संग्राहकों की संख्या है, जिनके द्वारा वर्ष 2025 में 1 हजार 600 मानक बोरा खरीदी करने के लक्ष्य को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा तथा मौसम को ध्यान में रखते हुए मई माह के प्रथम सप्ताह में तेंदूपत्ता संग्रहण के कार्य को प्रारम्भ किया जाएगा।

बैठक में संस्था के अध्यक्ष भारत तारम, उपाध्यक्ष नारद साहू, प्रबंधक घनश्याम देहारी, फड़ मुंशी दुर्गा प्रसाद प्रधान, इतवारू राम उसेंडी, हेमंत सिंह, संपतराम, देवीलाल रावटे, राकेश कुमार यादव, विष्णुराम कांगे, रोहित कुमार भुआर्य, ललित कुमार धनकर, अर्जुन सिंह भुआर्य, अकबर सिंह तेता, भुनेश्वर कांगे व अन्य लोग उपस्थित रहें।

## मोटर सायकल व नगद की लूटपाट करने वाले आरोपी को पुलिस ने दबोचा, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



छः माह पहले भानुप्रतापपुर में शराब दुकान के पास से मोटर सायकल की चोरी हुई थी। भानुप्रतापपुर पुलिस ने मोटर सायकल चोर को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। आरोपी को न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

रानवाही निवासी 30 वर्षीय लखन पटेल पिता स्व. धरम सिंह पटेल ने 6 माह पहले रिपोर्ट लिखाया था कि 4 नवंबर को बसंत नगर भानुप्रतापपुर में शराब दुकान शराब लेने के लिए गया था, वही पर शराब पीया और नशा होने पर मेरे साथी छोड़कर चले गए। मुझे जब होश आया तो घर जाने के लिए मोटर सायकल को चालू किया।

मोटर सायकल चालू नहीं हुआ तब अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा गाली देते हुए मोटर सायकल क्रमांक वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएल 9480 कीमती 18 हजार रूपएं, आधार कार्ड, राशन कार्ड एक पुरानी इस्तेमाल मोबाइल कीमती 15 हजार रूपएं व नगद 500 रूपएं कुल 20 हजार रूपएं लूट कर ले गए थे। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 296,115 (2), 351 (2), 309(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज विवेचना में लिया गया था। थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख द्वारा गठित कर आरोपियों की पता तलाश किया जा रहा था। उच्चाधिकारीयों के मार्गदर्शन पर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए जानकारी मिलने पर टीम को रवाना किया गया था और 2 संदेही को पकड़ा गया।

पूछताछ करने पर एक आरोपी दुर्गूकोंदल थानांतर्गत कोपाकटेल निवासी 21 वर्षीय रोशन नेताम पिता शिवजी नेताम हाल निवासी तहसीलपारा भानुप्रतापपुर ने जुर्म करना स्वीकार करने से 29 अप्रैल को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

## पंडित विष्णु प्रसाद शर्मा विद्यालय के परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



पंडित विष्णु प्रसाद शर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर का परीक्षा परिणाम कि घोषणा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत कांकेर एवं अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति तारुणी बाबा ठाकुर के मुख्य अतिथि एवं अध्यक्षता प्राचार्य आरपीएस ठाकुर, प्रधान अध्यापक मोहनलाल जैन के आतिथ्य में किया गया।

मुख्य अतिथि ने सभी विद्यार्थियों को भविष्य में जिस कार्य क्षेत्र में जाना चाहते हैं, उसको देखते हुए पढ़ाई करने की सलाह दिया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को और कड़ी मेहनत करने कि बात कही। कक्षा 6 वीं में प्रथम स्थान विवेक जैन, द्वितीय विनय कुमार कुंजाम एवं तृतीय प्रिंस मरापी ने प्राप्त किया। कक्षा 7 वीं में प्रथम स्थान नरेंद्र विश्वकर्मा, द्वितीय स्थान प्रमोद मंडावी एवं तृतीय स्थान नीतू राम। कक्षा 9 वीं में प्रथम स्थान नवीन कुमार मंडावी 80.33 प्रतिशत, द्वितीय स्थान उमेश कुमार 77 प्रतिशत व तृतीय स्थान पूनम डेहरी 75.3 1 प्रतिशत रहा। कुल परीक्षा परिणाम कक्षा नवमी 68.36 प्रतिशत रहा।

कक्षा 11 वीं कला संकाय में प्रथम स्थान नीरज मांडवी 68 प्रतिशत, द्वितीय स्थान अशवंत कुमार 57.80 प्रतिशत व तृतीय स्थान संजू ढाली 51.20 प्रतिशत, विज्ञान संकाय में प्रथम स्थान प्रियंका नेताम 72 प्रतिशत, द्वितीय स्थान नमिता पटेल 71.8 प्रतिशत व तृतीय स्थान मोना सिन्हा 66.60 प्रतिशत, वाणिज्य संकाय में प्रथम स्थान मिथिलेश 64.00 प्रतिशत, द्वितीय स्थान खुशाल सिन्हा 57 प्रतिशत व तृतीय स्थान शशांक सिन्हा 56 प्रतिशत प्राप्त किया, कुल 68.51 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा। विद्यालय परिवार से सरिता भास्कर, छबिलाल यादव, कमलेश मिश्रा, कांता कुरेटी, हेमलाल साहू, सुनीता मिश्रा, पवन सेन, अर्चना मांडवी, शकुंतला ताराम, अलका शेट्टी, सुनीता सिंह, नलिनी मिश्रा, रेखा दुबे, हेमलता सिरदार, आबिद खान, सरोज वाला नेगी, पूर्णिमा गजबल्ला, जितेंद्र सलाम, भगवती जैन, शशि कला सलाम, कुसुम लता सोम, सीमा चतुर्वेदी, हिमांशु दिल्लीवार, खूबचंद साहू, पवन सेन व अन्य लोग उपस्थित रहें।

## मुसुरपुट्टा में कर्मा विद्या मंदिर का परीक्षा परिणाम हुआ घोषित, शत प्रतिशत रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही



भामाशाह शिक्षण संस्था कर्मा विद्या मंदिर मुसुरपुट्टा का वार्षिक परिणाम संस्था के प्रधानाचार्य रोमलाल साहू, मुनिराम साहू, भरत अरकरा, प्रदीप सार्वा, रेखराम साहू एवं पालकों की उपस्थिति में घोषित किया गया एवं सभी अतितियों एवं पालकों ने बच्चों को और कड़ी मेहनत करने प्रेरित किया। उपस्थित अतिथिगण, पालक एवं संस्था के शिक्षक शिक्षिकाएं पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए लोगों को दो मिनट मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई।

इस अवसर पर संस्था के प्रधनाचार्य रोमलाल साहू ने कहा कि शिक्षा और संस्कार दोनों ही जीवन के मूलमंत्र है और इसलिए प्रत्येक व्यक्ति में इन दोनों का होना जरूरी है। शिक्षा हमे कभी किसी के सामने झुकने नहीं देती और संस्कार हमे कभी भी किसी के सामने गिरने नही देती शिक्षा, संस्कार, और समय दौलत से भी अधिक मूल्यवान है, इसलिए हमें इनका सदुपयोग करना चाहिए। उन्होंने और कहा कि शिक्षा हम दो स्थानों से प्राप्त करते है, एक अपने घर परिवार से जिन्हें हम संस्कार कह सकते है। संस्कारों से व्यक्ति की पहचान होती है और दूसरा स्थान जहां से हम शिक्षा पाते है वो है स्कूल कालेज उसी शिक्षा से हम आर्थजन करने लायक बनते है। परीक्षा परिणाम में मोनिका साहू को बेस्ट स्टूडेंट का अवार्ड दिया गया। केजी वन की छात्रा निहारिका साहू ने 98 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया व हितेन्द्री नाग 92.66 प्रतिशत द्वितीय।

कक्षा पहली में पूर्वशी भारती ने 98 प्रतिशत प्रथम, तन्मय 97 प्रतिशत द्वितीय, कक्षा दूसरी में चांदनी साहू 98 प्रतिशत प्रथम, भूमिका नागेश 97 प्रतिशत द्वितीय, कक्षा तीसरी में प्रियंका मरकाम 95 प्रतिशत प्रथम, हेमपुष्पा साहू 92 प्रतिशत द्वितीय, कक्षा चौथी में हिना चक्रधारी 96 प्रतिशत प्रथम, खोमेंद्र साहू 94 प्रतिशत द्वितीय, कक्षा छठवीं में लिपिका देवी साहू 75 प्रतिशत प्रथम, कुमकुम मरकाम 73 प्रतिशत द्वितीय, कक्षा सातवीं में मोनालिका साहू ने 83 प्रतिशत लाकर प्रथम स्थान एवं राशि साहू ने 82 प्रतिशत लाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

मुनिराम साहू ने कहा कि शिक्षा प्राप्त करना तपस्या के समान है और जो लोग यह पूरी लगन एवं एकाग्रता के साथ करते है, वे लोग जीवन में सफल होते है, इसलिए हर विद्यार्थियों की मन लगा कर पड़ना चाहिए। इस अवसर पर अतिथिगण पालकगण एवं स्कूल के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत्ति पर प्राचार्य को दी गई विदाई



**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल के अंतर्गत दुर्गूकोंदल संकुल केंद्र के संकुल प्राचार्य एसडी दास एवं शासकीय कन्या हाई स्कूल दुर्गूकोंदल के प्राचार्य सुनीता कुंजाम के सेवानिवृत होने पर संकुल परिवार की ओर से सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा शाल श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह देकर विदाई दी गई।

खण्ड शिक्षा अधिकारी एसपी कौशल एवं सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी ने दोनो प्राचार्य को शुभकामनाएं दिया। कार्यक्रम के अध्यक्षता एकलव्य प्राचार्य बैजनाथ नरेटी जी ने किया। एकलव्य के प्राचार्य ने कहा कि शिक्षक का पद बहुत ही गरिमा भरा होता है। कर्तव्य निष्ठ एवं समय का पाबंद करना एक शिक्षक का प्रथम कर्तव्य है, जो दास सर के पास कूट कूट कर भरा हुआ है। सरपंच शकुंतला नरेटी ने कहा कि एक शिष्य के सफलता के पीछे गुरु का बहुत बड़ा हाथ होता है। इस अवसर पर हायर सेकेंडरी मेड़ो के प्राचार्य हेमंत श्रीवास्तव, संकुल समन्वयक शंकर नागवंशी, धनाजू नरेटी ,श्रीपति दत्ता, दयाल ठाकुर नरेंद्र साहू श्रीमती मानबाई साहू मनीषा सिन्हा ,सावित्री ठाकुर, सुमित्रा बघेल रेशमा कार्के, पूनम वाधवानी, मधु धुर्व, प्रियंका यादव ,लक्ष्मी खुर्सियाम, कुसुम रात्रे, राज नरेटी जयंती गोटे, सावित्री बोगे, किरण आहूजा, रमेश दुग्गा, सुनील नाग व अन्य लोग उपस्थित रहें।

## सेजेस सरोना में हुई वार्षिक बैठक, अहम मुद्दों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना



शासकीय स्वामी आत्मानंद इंग्लिश उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय सरोना में वार्षिक बैठक हुआ, जिसमें शाला की प्रगति, आगामी शैक्षणिक योजनाएं तथा ग्राम-विद्यालय समन्वय को और अधिक सशक्त बनाने पर गहन चर्चा हुई। बैठक में विद्यालय की विगत वर्ष की उपलब्धियों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। छात्रों की शैक्षणिक प्रगति, विभिन्न प्रतियोगिताओं में उनकी भागीदारी तथा अध्यापकों की नवाचार प्रयासों की सराहना की गई। साथ ही आगामी सत्र के लिए आवश्यक संसाधनों, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार तथा विद्यार्थियों की सर्वांगीण विकास पर विशेष रूप से चर्चा की गई। ग्राम सरपंच दीपिका वट्टी ने कहा कि विद्यालय ग्राम के भविष्य का निर्माण करता है और ग्राम पंचायत सदैव विद्यालय के सहयोग में तत्पर है। उपसरपंच दिनेश कुमार सहारे ने विद्यालय में स्वच्छता, सुरक्षा तथा तकनीकी संसाधनों के सुदृढ़ीकरण पर बल दिया।

प्राचार्या अनिता दास ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय की योजनाओं एवं आवश्यकताओं पर प्रकाश डाला तथा अभिभावकों से अधिक सहयोग और सहभागिता की अपेक्षा की।कार्यक्रम में शाला विकास समिति के अध्यक्ष भरत निषाद व अन्य लोग उपस्थित रहें।

## डूबकर मौत होने के प्रकरण में सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर।** कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए गड्ढे में गिरने से मौत होने के एक प्रकरण में चार लाख रूपएं कि आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत कि गई है। तहसील कांकेर के ग्राम माटवाड़ालाल निवासी 4 वर्षीय हर्ष नाग की गड्ढे में गिरने से पानी में डूबकर मौत हो जाने पर उनके निकटतम परिजन किशन और सारिका को चार लाख रुपए कि सहायता राशि स्वीकृत की गई है।







### परशुराम और शंकराचार्य का जन्मोत्सव आज

**जगदलपुर।** सर्व ब्राम्हण समाज 30 अप्रैल को भगवान परशुराम और आदि शंकराचार्य का जन्मोत्सव मनाएगा। शाम 4 बजे दंतेश्वरी मंदिर से भव्य शोभा यात्रा निकलेगी जिसमें सभी समाज के लोग पहुचेंगे। सर्व ब्राम्हण महिला समाज प्रकोष्ठ के पदाधिकारी घर घर जाकर कार्यक्रम में शामिल होने आव्हान कर रहें है।




## अंचल में आज मनाई जाएगी अक्षय तृतीया



**दुर्गूकोंदल।** भारत को पर्वों का देश कहा जाता है, देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को समेटे छत्तीसगढ़ में अक्षय तृतीया, जिसे अक्ती या आखर तिहार भी कहा जाता है। यह एक महत्वपूर्ण पर्व है। यह बैसाख महीने की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाई जाती है। इस दिन खासकर विवाह योग्य युवक-युवतियों वाले परिवारों में विवाह या गुड्डा-गुड़िया का ब्याह रचाने की परंपरा है। यह दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा के लिए भी शुभ माना जाता है। इस दिन पौराणिक, धार्मिक, सामाजिक महत्व जैसे विवाह और शुभ कार्य, अन्नपूर्णा माता की पूजा, दान-पुण्य, सृष्टि का शुभारंभ, भगवान परशुराम का जन्म, माटी पूजन दिवस, नई वस्तुओं की खरीददारी आदि के लिए जाना जाता है। हिन्दू पंचाग के अनुसार मांगलिक कार्यों के लिए चार ऐसे मुहूर्त हैं, जिनमें पंचांग देखे बिना शुभ संस्कार संपन्न किया जा सकता है। इनमें माघ माह में वसंत पंचमी, कार्तिक माह में देवउठनी एकादशी और भड़ली नवमी तथा वैशाख माह में अक्षय तृतीया को विशेष महत्व दिया गया है। विकास खंड दुर्गूकोंदल के समस्त ग्रामों में ग्राम पटेल, गायता व निवासी अक्ती के दिन सुबह ही ग्राम देवता के पास पहुंचकर विधि विधान से पूजन करते है।




